प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.02.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00 बजे

विधायक प्राथमिकता

प्रदेश के वर्ष 2025–2026 के वार्षिक बजट में विधायक प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए दो दिवसीय बैठकें आज से शिमला में हो रही है। इन बैठकों की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, सोलन, चंबा, बिलासपुर और लाहौल स्पीति के विधायकों के साथ बैठक होगी जबकि कल 4 फरवरी को शिमला, मंडी, ऊना, हमीरपुर और सिरमौर ज़िले के विधायकों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।

जयराम ठाकुर

इस बीच भाजपा विधायक दल ने विधायक प्राथमिकता बैठकों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि बीते दो वर्षों में भाजपा विधायकों द्वारा बताए गए किसी भी काम को कांग्रेस सरकार ने प्राथमिकता नहीं दी है।

महाकुंभ स्नान

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बसंत पंचमी के अवसर पर महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान जारी है। यह स्नान महाकुंभ मेले का सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र अनुष्ठान है। इससे पहले दो अमृत स्नान 14 जनवरी मकर संक्रांति और 29 जनवरी मौनी अमावस्या को हुए थे। उत्तर प्रदेश सरकार ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है और महाकुंभ के मेला क्षेत्र को नो व्हीकल और नो वीआईपी जोन घोषित किया गया है। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम के रूप में पहचाने जाने वाले महाकुंभ मेले की शुरुआत 13 जनवरी को हुई और अब तक 35 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।

न्यायालय

इस बीच महाकुंभ से जुड़ी एक याचिका पर आज सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई होगी। इसमें महाकुंभ में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष दिशा–निर्देश और नियम लागू करने की मांग की गई है। याचिका में राज्यों को यह निर्देश देने की भी मांग की गई है कि वे प्रयागराज में अपने सुविधा केंद्र स्थापित करें और आपात स्थिति में अपने राज्यों के नागरिकों को सुरक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध करायें और सहायता करें। गौरतलब है कि महाकुंभ में पिछले सप्ताह बुधवार को हुई भगदड़ में तीस लोग मारे गए थे और 60 घायल हुए थे।

कर्मचारी महासंघ

प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने विभिन्न विभागों में पदों को समाप्त करने पर विरोध जताया है। शिमला में आयोजित एक बैठक में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र चौहान ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर महासंघ सरकार को बजट सत्र से पहले मांगपत्र सौंपेगा। उन्होंने ये भी कहा कि विद्युत बोर्ड में समाप्त किए जा रहे पदों को लेकर कर्मचारियों द्वारा आयोजित महापंचायत में महासंघ के पदाधिकारी भाग लेकर विद्युत कर्मियों की मांगों का समर्थन करेंगे।

कबड्डी स्वर्ण

उत्तराखंड के हरिद्वार में खेली जा रही 38वीं राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में हिमाचल की बेटियों ने लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय चैंपियन बनकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। फाइनल मुकाबले में हिमाचल की टीम ने हरियाणा को 27–22 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। इस उपलब्धि को हासिल करने वाली प्रदेश की महिला कबड्डी टीम देश की पहली टीम बन गई है। पुष्पा राणा के नेतृत्व वाली हिमाचल की टीम ने मैच की शुरूआत से ही दबदबा बनाए रखा और हरियाणा को वापसी को कोई अवसर नहीं दिया। हिमाचल महिला कबड्डी टीम की इस सफलता पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों सहित टीम स्टाफ को बधाई दी है।

दिल्ली चुनाव

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का आज आखिरी दिन है। भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के नेता, स्टार प्रचारक मतदाताओं को लुभाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। राजधानी में 13 हजार 7 सौ 60 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे। कुल 6 सौ 99 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के लिए बुधवार को मतदान होगा और वोटों की गिनती आठ फरवरी को होगी।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत धूप के साथ हुई है। हालांकि न्यूनतम तापमान में दो से पांच डिग्री सैल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज दोपहर बाद से पश्चिमी विक्षोभ के फिर से सक्रिय होने की बात कही है। हालांकि इसका प्रभाव कल चार फरवरी से देखने को मिलेगा, जिसके चलते विभाग ने ऊंची चोटियों पर हिमपात, कहीं–कहीं वर्षा की संभावना के साथ शीतलहर चलने और मैदानी इलाकों में घने कोहरे की भी चेतावनी दी है। प्रदेश में पांच फरवरी को भी मौसम के खराब रहने की संभावना है।